

# NIOS PYQ's SOLUTIONS

## PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS



## APRIL-2025

Your Path to Success

# खंड - अ

**प्रश्न 1 - निम्न में से कौन-सा कथन सही है?**

**(A) वस्तुएँ और सेवाएँ दोनों हमारी आवश्यकताओं को पूरा करती हैं।**

**(B) सेवाओं को छुआ जा सकता हैं।**

**(C) गेंहूँ का आटा एक मुफ्त वस्तु हैं।**

**(D) सार्वजनिक वस्तुएँ केवल व्यक्तिगत रूप से उपयोग की जाती हैं।**

**उत्तर -** (A) वस्तुएँ और सेवाएँ दोनों हमारी आवश्यकताओं को पूरा करती हैं।

**प्रश्न 2 – निम्न में से किस प्रकार की वस्तुएँ आपके रोजमर्रा की आवश्यकताओं को पूरी करती हैं?**

**(A) सार्वजनिक वस्तुएँ**

**(B) आर्थिक वस्तुएँ**

**(C) मुफ्त वस्तुएँ**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (D) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 3 - निम्न में से कौन-सी वस्तु एकल-उपयोग उत्पादक वस्तु और एकल-उपयोग उपभोक्ता वस्तु दोनों हो सकती है ?**

**(A) मशीन**

**(B) कच्चा माल**

**(C) गन्ना**

**(D) ट्रैक्टर**

**उत्तर -** (C) गन्ना

**प्रश्न 4 - विदेशी उत्पादन इकाइयों को यह कहते हैं:**

**(A) बहुराष्ट्रीय निगम**

**(B) विदेशी सहयोग**

**(C) (A) और (B) दोनों**

**(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर -** (C) (A) और (B) दोनों

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 5 – स्वनियोजित डॉक्टर इसके उदाहरण है:**

**(A) घरेलू उत्पादन इकाइयाँ**

**(B) साझेदारी**

**(C) सहकारी समिति**

**(D) निजी गैर-लाभकारी संस्था**

**उत्तर -** (A) घरेलू उत्पादन इकाइयाँ

**प्रश्न 6 - निम्न में से कौन-सी लागत उत्पादन के दो उत्तरोत्तर स्तरों पर मापी जाती हैं ?**

**(A) कुल लागत**

**(B) औसत लागत**

**(C) सीमांत लागत**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (C) सीमांत लागत

**प्रश्न 7 - निम्न में से कौन-सी आगम कीमत के बराबर होती है ?**

**(A) औसत आगम**

**(B) सीमांत आगम**

**(C) कुल आगम**

**(D) ऊपर के सभी**

**उत्तर -** (A) औसत आगम

**प्रश्न 8 - एक दुकानदार 20 किलो दाल 15 रु. प्रति किलो के दर से और 21 किलो दाल 19 रु. प्रति किलो के दर से बेचता है। सीमांत आगम ज्ञात कीजिए :**

**(A) 100 रु.**

**(B) 99 रु.**

**(C) 98 रु.**

**(D) 96 रु.**

**उत्तर -** (B) 99 रु.

**प्रश्न 9 - भारत सरकार द्वारा किस प्रकार की मुद्रा को मान्यता दी गई है ?**

**(A) पशु**

**(B) नमक**

**(C) करेन्सी नोट एवं सिक्के**

**(D) ऊपर में से कोई नहीं**

**उत्तर -** (C) करेन्सी नोट एवं सिक्के

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 10 - साख निर्माण की प्रक्रिया को किस प्रकार के जमा में अभिलिखित किया जाता है ?**

**(A) प्राथमिक जमा**

**(B) द्वितीयक जमा**

**(C) (A) और (B) दोनों**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (C) (A) और (B) दोनों

**प्रश्न 11 - निम्न में से कौन-सा बैंक करेन्सी नोट को निर्गमित (छापता) करता है ?**

**(A) स्टेट बैंक ऑफ इंड़िया**

**(B) भारतीय औद्योगिक वित्तीय निगम**

**(C) पंजाब नेशनल बैंक**

**(D) रिजर्व बैंक ऑफ इंड़िया**

**उत्तर -** (D) रिजर्व बैंक ऑफ इंड़िया

**प्रश्न 12 - वस्तुओं का पारस्परिक विनिमय प्रणाली को कहते हैं :**

**(A) वस्तु विनिमय प्रणाली**

**(B) मौद्रिक प्रणाली**

**(C) (A) या (B)**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) वस्तु विनिमय प्रणाली

**प्रश्न 13 - एक बैंक 10,000 रु. जमा प्राप्त करता है और 8,000 रु. का ऋण एक उधारकर्ता को देता है। उसकी द्वितीयक जमा क्या होगी ?**

**(A) 18,000 रु.**

**(B) 10,000 रु.**

**(C) 8,000 रु.**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (C) ₹ 8,000

**प्रश्न 14 - निम्न में से कौन-से क्षेत्र को अपनी अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्रक में शामिल किया जाता हैं ?**

**(A) मत्स्य पालन**

**(B) वानिकी**

**(C) कृषि एवं संबन्धित क्रियायें**

**(D) ऊपर के सभी**

**उत्तर -** (D) ऊपर के सभी

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 15 - जब किसी देश का आर्थिक सम्बन्ध दूसरे देशों के साथ होता है तो उसे कहते हैं:**

**(A) खुली अर्थव्यवस्था** **(B) विकसित अर्थव्यवस्था**

**(C) विकासशील अर्थव्यवस्था** **(D) बन्द अर्थव्यवस्था**

**उत्तर -** (A) खुली अर्थव्यवस्था

**प्रश्न 16 - निम्न में से कौन-सा अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का लाभ हैं ?**

**(A) विभिन्न देशों के लोगों से पारस्परिक मेलजोल**

**(B) नई वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन को प्रोत्साहन**

**(C) (A) और (B) दोनों**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (C) (A) और (B) दोनों

**प्रश्न 17 - निम्न में से कौन-सा पर्यावरण का अजैविक घटक है ?**

**(A) पेड़-पौधे** **(B) पक्षी**

**(C) वन** **(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (D) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 18 - निम्न में से कौन-सी संस्था विश्व में पर्यावरण संरक्षण की वकालत करती हैं ?**

**(A) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम** **(B) पर्यावरण सुरक्षा एजेन्सी**

**(C) अंतर्राजकीय जलवायु परिवर्तन पर दण्ड विधान** **(D) ऊपर के सभी**

**उत्तर -** (D) ऊपर के सभी

**प्रश्न 19 - निम्न में से कौन-सा उपभोक्ता सहायक संगठन है ?**

**(A) उपभोक्ता पीड़ा** **(B) जागो ग्राहक जागो**

**(C) उपभोक्ता शिकायत समिति** **(D) उपभोक्ता फोरम**

**उत्तर -** (B) जागो ग्राहक जागो

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 20 - निम्न में से कौन-सा उपभोक्ता अधिकार उपभोक्ताओं को निड़र होकर शिकायत पर आवाज़ उठाने में मदद करता है?**

**(A) सुनने का अधिकार** **(B) चुनने का अधिकार**

**(C) सुरक्षा का अधिकार** **(D) सूचना का अधिकार**

**उत्तर -** (A) सुनने का अधिकार

**प्रश्न 21 - बतलाईये कि क्या नीचे दिये गये कथन सही हैं या गलत:**

**(A) मुफ्त वस्तुयें प्रकृति द्वारा मुफ्त में उपहार है।**

**(B) दीर्घकालिक उपभोक्ता वस्तुओं का मूल्य घटता जाता है।**

**उत्तर -** (A) सत्य

(B) सत्य

**प्रश्न 22 – रिक्त स्थान भरिए :**

**वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन में ______ ______ के स्तर को निर्धारित करतें है।**

**उत्तर –** आगत, उत्पादन

**प्रश्न 23 - बताईये कि निम्न दिये गये कथन सही हैं या गलत :**

**(A) मांग एक ऐसी इच्छा है जिसके पीछे क्रय करने की योग्यता है।**

**(B) उत्पादन तकनिक में सुधार उत्पादन के लागत में वृद्धि करता है जो किसी वस्तु की पूर्ति को कम करता है।**

**उत्तर -** (A) सत्य

(B) असत्य

**प्रश्न 24 - रिक्त स्थान भरिए :**

**पूर्ति के नियम का ______ द्वारा प्रतिनिधित्व ______ वक्र कहलाता है।**

**उत्तर –** रेखाचित्र, पूर्ति

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 25 – रिक्त स्थान भरिए :**

**अगर किसी वस्तु के ______ की संख्या अधिक होगी तो बाज़ार में उस वस्तु की मांग ______ होगी।**

**उत्तर –** क्रेताओं, अधिक

**प्रश्न 26 – रिक्त स्थान भरिये :**

**माँग का नियम कीमत और माँग के बीच ______ संबंध दर्शाता है, इसलिए माँग वक्र ______ ओर होता है।**

**उत्तर –** विपरीत, नीचे की

**प्रश्न 27 – रिक्त स्थान भरिए :**

**______ सूचना जैसे 'अच्छा' एक उदाहरण है ______ का।**

**उत्तर –** गुणात्मक, गुण

**प्रश्न 28 - बतलाईये कि निम्न दिये गये कथन सही हैं या गलत :**

**(A) सांख्यिकी में सौ प्रतिशत की सत्यता (परिशुद्धता) ना तो सम्भव है ना ही वांछनीय।**

**(B) आर्थिक नियोजन के आधार पर भविष्यवाणी की जाती है।**

**उत्तर –** (A) सत्य

(B) सत्य

**प्रश्न 29 - रिक्त स्थान भरिए :**

**______ विधि का उपयोग किया जा सकता है यदि उत्तरदाता ______ है।**

**उत्तर –** अनुसूची, अशिक्षित

**प्रश्न 30 - रिक्त स्थान भरिए :**

**चर दो प्रकार के होते हैं : ______ तथा ______।**

**उत्तर –** खंडित, सतत

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 31 - रिक्त स्थान भरिये :**

**______ लोग ______ में काम करते हैं।**

**उत्तर –** अकुशल, कृषि

**प्रश्न 32 - रिक्त स्थान भरिए :**

**______ का निर्माण ______ पैमाने के उद्योग के योगदान के कारण ही सम्भव है।**

**उत्तर -** आधारभूत संरचना, बड़े

**प्रश्न 33 - बतायें कि निम्न दिये गये कथन सही हैं या गलत :**

**(A) सेवा क्षेत्रक की तुलना में कृषि क्षेत्र रोज़गार के अधिक संभावनाओं को सृजित करता है।**

**(B) प्लान्ट एवं मशीनों पर कम से कम 25 लाख रुपये व्यय करके लघु पैमाने के उद्योग को लगाया जा सकता है।**

**उत्तर -** (A) गलत

(B) सही

**प्रश्न 34 - निम्न स्तम्भों का मिलान करें :**

| स्तम्भ 'क' | स्तम्भ 'ख' |
|---|---|
| A. घरेलू नागरिकों द्वारा विदेशी नागरिकों को वस्तुओं एवं सेवाओं की ब्रिकी | (i)आयात |
| B. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार | (ii) विशिष्टीकरण को बढ़ावा |
| | (iii) खुली अर्थव्यवस्था |
| | (iv) निर्यात |

**उत्तर –** (A) घरेलू नागरिकों द्वारा विदेशी नागरिकों को वस्तुओं एवं सेवाओं की ब्रिकी → (iv) निर्यात

(B) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार → (ii) विशिष्टीकरण को बढ़ावा

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 35 - रिक्त स्थान भरिए :**

**गैर-नवीकरणीय संसाधनों के ______ ढूंढ़ कर एवं नवीकरणीय संसाधनों का ______ प्रयोग कर हम धारणीय विकास में योगदान दे सकते है।**

**उत्तर –** स्थानापन्न, युक्ति-संगत

# खंड - ब

**प्रश्न 36 - एक आर्थिक क्रिया के आधार के रूप में उपभोग के अर्थ की व्याख्या करें।**

**उत्तर –** उपभोग का अर्थ है व्यक्तिगत या सामूहिक मानवीय आवश्यकताओं की प्रत्यक्ष संतुष्टि के लिए वस्तुओं और सेवाओं का उपयोग करना। यह उत्पादन का उद्देश्य है। जब हम भोजन करते हैं या कपड़े पहनते हैं, तो हम उपभोग की क्रिया कर रहे होते हैं।

**प्रश्न 37 - श्रम-गहन एवं पूंजी गहन तकनिकों के बीच अन्तर स्पष्ट करें।**

**उत्तर –**

| आधार | श्रम-गहन तकनीक | पूंजी-गहन तकनीक |
|---|---|---|
| उपयोग | प्रति इकाई उत्पादन में श्रम का अधिक उपयोग होता है | प्रति इकाई उत्पादन में मशीनों व पूंजी का अधिक उपयोग होता है |
| उद्योग | कुटीर व छोटे पैमाने के उद्योगों में प्रचलित | बड़े पैमाने के उद्योगों में प्रयुक्त |

**अथवा**

**उत्पादन आधारित श्रम विभाजन एवं प्रक्रिया आधारित श्रम विभाजन के बीच अन्तर स्पष्ट करें।**

**उत्तर –**

| आधार | उत्पादन आधारित श्रम विभाजन | प्रक्रिया आधारित श्रम विभाजन |
|---|---|---|
| स्वरूप | एक ही श्रमिक पूरी वस्तु बनाता है | उत्पादन कई प्रक्रियाओं में बंटा होता है |
| उदाहरण | मोची द्वारा पूरा जूता बनाना | फैक्ट्री में ब्रेड बनाना |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 38 - 'मांग' एवं 'इच्छा' के बीच अन्तर स्पष्ट करें।**

**उत्तर –**

| आधार | इच्छा | माँग |
|---|---|---|
| अर्थ | किसी वस्तु को पाने की सामान्य चाह | इच्छा के साथ खरीदने की क्षमता व खर्च करने की इच्छा |
| विशेषता | पैसे होना आवश्यक नहीं | पर्याप्त धन होना आवश्यक |

**प्रश्न 39 - मुद्रा के 'मूल्यों के माप' कार्य की व्याख्या करें।**

**उत्तर –** मुद्रा मूल्य के सामान्य मापदंड (इकाई) के रूप में कार्य करती है। जिस प्रकार हम भार को किलो में मापते हैं, वैसे ही वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य मुद्रा (कीमत) में मापा जाता है। इससे विनिमय आसान हो जाता है क्योंकि हर वस्तु का मूल्य मौद्रिक इकाई में व्यक्त किया जा सकता है।

**अथवा**

**'वस्तु के विभाजन का अभाव' वस्तु विनिमय प्रणाली की एक सामान्य समस्या है। व्याख्या करें।**

**उत्तर –** वस्तु विनिमय प्रणाली में कुछ वस्तुओं को विभाजित नहीं किया जा सकता था। उदाहरण के लिए, यदि किसी के पास गाय है और उसे थोड़ा सा कपड़ा चाहिए, तो वह गाय का एक टुकड़ा काटकर कपड़े के बदले नहीं दे सकता, क्योंकि इससे गाय का मूल्य नष्ट हो जाएगा। यह अविभाज्यता व्यापार में कठिनाई पैदा करती थी।

**प्रश्न 40 - आंकड़ों के एक समूह के किसी औसत मूल्य की गणना करने का क्या उद्देश्य है? व्याख्या करें।**

**उत्तर -** औसत मूल्य की गणना का मुख्य उद्देश्य संपूर्ण डेटा का एक प्रतिनिधि मूल्य प्राप्त करना है। यह जटिल डेटा को एक सरल संख्या में बदल देता है जिसे समझना आसान होता है और यह समूहों के बीच तुलना करने में मदद करता है।

**अथवा**

**एक औसत के किन्हीं दो कार्यों की व्याख्या करें।**

**उत्तर –** औसत के दो कार्य हैं :

1. **संक्षिप्तीकरण :** यह विशाल और कच्चे डेटा को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत करता है।
2. **तुलना :** यह दो या दो से अधिक समूहों के बीच तुलना को आसान बनाता है (जैसे दो छात्रों के अंकों की तुलना)।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 41 - अंकगणितीय माध्य का परिकलन करने की लघु विधि का फामूर्ला बताइए और इसमें प्रयुक्त चिन्हों का अर्थ बताइए।**

**उत्तर – फॉर्मूला :**

$$\overline{X} = A + \frac{\Sigma dx}{N}$$

**चिन्हों का अर्थ:**

- $\overline{X}$ = अंकगणितीय माध्य
- $A$ = कल्पित माध्य
- $dx$ = कल्पित माध्य से विचलन (x - A)
- $\Sigma dx$ = विचलनों का योग
- $N$ = मदों की संख्या

**प्रश्न 42 - द्वितीयक क्षेत्रक के विनिर्माण उत्पादन क्रियाओं का वर्णन करें।**

**उत्तर –** विनिर्माण का अर्थ है कारखानों या उद्योगों में कच्चे माल का उपयोग करके नई वस्तुओं का उत्पादन करना। इसमें छोटे पैमाने के उद्योग (जैसे जूते बनाना) और बड़े पैमाने के उद्योग (जैसे इस्पात या ऑटोमोबाइल) दोनों शामिल हैं। यह द्वितीयक क्षेत्र का मुख्य भाग है।

**अथवा**

**किस प्रकार कृषि देश में लाखों लोगों को भोजन प्रदान करता है?**

**उत्तर –** भोजन जीवन की सबसे बुनियादी आवश्यकता है। कृषि के बिना, भोजन का उत्पादन और आपूर्ति संभव ही नहीं होगी। हमारी विशाल जनसंख्या की उच्च और बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए, कृषि भारी मात्रा में खाद्यान्न, जैसे कि गेहूँ, चावल और दालों का उत्पादन करती है, जो देश भर के लाखों लोगों का पेट भरने (भोजन प्रदान करने) में मदद करता है।

**प्रश्न 43 - व्याख्या करें कि व्यापार किस प्रकार से नई वस्तुओं एवं सेवाओं के उत्पादन को बढ़ावा देता है?**

**उत्तर -** व्यापार के माध्यम से विक्रेता और खरीदार एक-दूसरे के संपर्क में आते हैं। इससे विक्रेताओं को खरीदारों की पसंद और प्राथमिकताओं का पता चलता है। बदलती मांगों को पूरा करने के लिए, उत्पादक नई और बेहतर वस्तुओं व सेवाओं का उत्पादन करने के लिए प्रेरित होते हैं, जिससे नवाचार और उत्पादन बढ़ता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 44 - वायु प्रदूषण के क्या प्रभाव हैं ?**

**उत्तर –** वायु प्रदूषण स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालता है, जैसे सांस लेने में कठिनाई, खांसी, दमा और हृदय रोग। इससे अस्पताल में भर्ती होने की दर और समय से पहले मृत्यु का खतरा बढ़ता है। इसके अलावा, यह पर्यावरण और निर्मित संरचनाओं को भी नुकसान पहुंचाता है।

**प्रश्न 45 - 'संसाधन क्षय' से आप क्या समझते हैं ?**

**उत्तर –** संसाधन क्षय का अर्थ है किसी क्षेत्र में कच्चे माल या प्राकृतिक संसाधनों का खत्म हो जाना। यह आमतौर पर खनन, खेती या मछली पकड़ने के संदर्भ में होता है। अत्यधिक उपयोग के कारण जीवाश्म ईंधन और खनिज जैसे संसाधन तेजी से घट रहे हैं।

**प्रश्न 46 - सूचना के अधिकार की व्याख्या करें।**

**उत्तर –** सूचना का अधिकार उपभोक्ताओं को यह जानने का हक देता है कि वे जो उत्पाद खरीद रहे हैं, उसकी गुणवत्ता, मात्रा, शुद्धता, मानक और मूल्य क्या हैं। यह अधिकार उपभोक्ताओं को गलत व्यापार प्रथाओं से बचाता है और उन्हें सही निर्णय लेने में मदद करता है।

**अथवा**

**उपभोक्ता शिक्षा के अधिकार की व्याख्या करें।**

**उत्तर –** इसका अर्थ है कि उपभोक्ता को ऐसे ज्ञान और कौशल प्राप्त करने का अधिकार है जो उसे एक सूचित उपभोक्ता बनने में मदद करे। इसमें सरकार और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा चलाए गए जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं जो उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में शिक्षित करते हैं।

**प्रश्न 47 - उत्पादन के साधन के रूप में पूंजी के योगदान की व्याख्या करें।**

**उत्तर –** पूंजी उत्पादन का एक मानव-निर्मित साधन है, जिसमें मशीनरी, उपकरण, भवन और कच्चा माल शामिल हैं।

1. यह श्रम और भूमि की दक्षता को बढ़ाता है (जैसे ट्रैक्टर से खेती आसान होती है)।
2. यह स्थिर पूंजी (मशीनें) और कार्यशील पूंजी (कच्चा माल) के रूप में उत्पादन प्रक्रिया को संभव बनाता है।
3. पूंजी के बिना बड़े पैमाने पर उत्पादन संभव नहीं है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 48 - साधन आय क्या हैं? विवरण दीजिए।**

**उत्तर –** उत्पादन के साधनों (भूमि, श्रम, पूंजी, उद्यमशीलता) के मालिकों को उनकी सेवाओं के बदले जो भुगतान मिलता है, उसे साधन आय कहते हैं। यह उत्पादन प्रक्रिया में उनके योगदान का प्रतिफल होता है।

1. भूमि के लिए लगान प्राप्त होता है।
2. श्रम के लिए मजदूरी दी जाती है।
3. पूंजी के लिए ब्याज मिलता है।
4. उद्यमी को लाभ प्राप्त होता है।

यह आय उत्पादन को निरंतर बनाए रखने में सहायक होती है।

**प्रश्न 49 - सरकारी क्षेत्र में किसी एक वस्तु/सेवा की पूर्ति प्रक्रिया आधारित श्रम विभाजन पर निर्भर करती है। व्याख्या करें।**

**उत्तर –** सरकारी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जहाँ कार्य को कई छोटे-छोटे चरणों (प्रक्रियाओं) में विभाजित किया जाता है। उदाहरण के लिए, स्ट्रीट लाइट लगाने में :

1. खंभे गाड़ना।
2. तार जोड़ना।
3. बल्ब लगाना।
4. बिजली की आपूर्ति शुरू करना।

ये सभी कार्य अलग-अलग विशेषज्ञों द्वारा किए जाते हैं। कोई एक व्यक्ति पूरा काम नहीं करता, बल्कि हर कोई अपनी विशिष्ट प्रक्रिया को पूरा करता है।

**अथवा**

**स्पष्ट एवं अस्पष्ट लागतों के बीच अन्तर स्पष्ट करें।**

**उत्तर –**

| आधार | स्पष्ट लागत | अस्पष्ट लागत |
|---|---|---|
| अर्थ | बाहरी लोगों को किया गया नकद भुगतान | स्वयं के साधनों का अनुमानित मूल्य |
| भुगतान | नकद रूप में किया जाता है | कोई नकद भुगतान नहीं |
| उदाहरण | मजदूरी, कच्चा माल, किराया | अपनी जमीन, अपनी मेहनत |
| लेखा | हिसाब-किताब रखा जाता है | लेखा में दर्ज नहीं होती |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 50 - 'मुद्रा के भावी भुगतान के मानक' के रूप में मुद्रा के कार्य की व्याख्या एक उदाहरण की सहायता से करें।**

**उत्तर -** आधुनिक अर्थव्यवस्था में कई लेन-देन ऐसे होते हैं जिनमें भुगतान तुरंत न होकर भविष्य में किया जाता है (जैसे ऋण लेना)। मुद्रा ऐसे भुगतानों के लिए एक मानक इकाई के रूप में कार्य करती है।

**उदाहरण :** यदि कोई व्यक्ति अपने मित्र से 1000 रुपये उधार लेता है और एक माह बाद चुकाने का वचन देता है, तो वह राशि और ब्याज मुद्रा में ही लौटाता है। वस्तुओं के रूप में भुगतान करना कठिन होता है, क्योंकि उनका मूल्य बदल सकता है या वे नष्ट हो सकती हैं।

**प्रश्न 51 - किस प्रकार सांख्यिकी 'तथ्यों का समूह' हैं? उदाहरण दीजिए।**

**उत्तर -** सांख्यिकी का अर्थ केवल एक अकेली संख्या नहीं है, बल्कि यह तथ्यों का एक समूह है जिसे तुलना या विश्लेषण के लिए एकत्र किया जाता है।

**उदाहरण :** यदि हम कहें कि "राम को गणित में 90 अंक मिले", तो यह सांख्यिकी नहीं है। लेकिन यदि हम कक्षा के सभी छात्रों के अंकों की सूची (जैसे: राम-90, श्याम-80, गीता-85) प्रस्तुत करें, तो यह 'तथ्यों का समूह' है। इससे हम कक्षा के प्रदर्शन की तुलना और विश्लेषण कर सकते हैं, इसलिए यह सांख्यिकी है।

**अथवा**

**सांख्यिकी किस प्रकार संख्याओं में व्यक्त होते हैं? उदाहरण दीजिए।**

**उत्तर –** सांख्यिकी हमेशा मात्रात्मक होती है, गुणात्मक नहीं। इसे संख्याओं के रूप में मापा या गिना जाना चाहिए। 'अच्छा', 'बुरा', 'लंबा' जैसे गुण सांख्यिकी नहीं हैं जब तक कि उन्हें संख्याओं में न बदला जाए।

उदाहरण : "इस शहर के कॉलेज में बहुत छात्र हैं" यह सांख्यिकी नहीं है। लेकिन "गवर्नमेंट कॉलेज में 409 छात्र हैं और सावित्री कॉलेज में 308 छात्र हैं", यह सांख्यिकी है क्योंकि जानकारी संख्याओं में व्यक्त की गई है।

**प्रश्न 52 - विनिर्माण के सम्बन्ध में यू.एस.ए. और चीन की अर्थव्यवस्थाओं की तुलना करें।**

**उत्तर -**

| आधार | यू.एस.ए. | चीन |
|---|---|---|
| विनिर्माण स्तर | उन्नत व तकनीक आधारित | 1980 के बाद तेजी से विकसित |
| प्रमुख उद्योग | इस्पात, ऑटोमोबाइल, मशीनरी, पेट्रोलियम | उपभोक्ता वस्तुएँ, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी |
| वैश्विक स्थिति | लंबे समय तक शीर्ष स्थान पर रहा, 2010 में चीन ने इसे पीछे छोड़ दिया। | 2010 के आसपास चीन दुनिया की सबसे बड़ी विनिर्माण अर्थव्यवस्था बन गया। |
| भूमिका | तकनीकी नेतृत्व | विश्व का प्रमुख विनिर्माण व निर्यात केंद्र |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**क्यों भारत की तुलना में चीन विदेशों से अधिक मुद्रा को आकर्षित कर रहा है?**

**उत्तर –** चीन ने अपने देश में बेहतर आर्थिक वातावरण, आधुनिक बुनियादी ढाँचा और निवेश-अनुकूल नीतियाँ विकसित की हैं, जिससे विदेशी निवेशक बड़ी संख्या में आकर्षित होते हैं। वहाँ औद्योगीकरण और सेवा क्षेत्र के विकास के लिए तेज़ और सरल प्रक्रियाएँ अपनाई गई हैं। इसके विपरीत, भारत में कई बार प्रशासनिक प्रक्रियाएँ धीमी हो जाती हैं। व्यापक आर्थिक सुधारों, तेज़ निर्णय-प्रणाली और निरंतर विकास के कारण चीन को भारत की तुलना में अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) प्राप्त होता है।

**प्रश्न 53 - निम्न तालिका को पूरा करें :**

| **शर्तों की कीमत (रु.)** | **पूर्ति की मात्रायें (फर्म अ)** | **पूर्ति की मात्रायें (फर्म ब)** | **पूर्ति की मात्रायें (फर्म स)** | **बाज़ार पूर्ति** |
|---|---|---|---|---|
| **200** | **250** | ______ | **450** | **1400** |
| **300** | **400** | ______ | **800** | **2400** |
| **400** | **500** | ______ | **900** | **2800** |
| **500** | **600** | ______ | **950** | **3000** |
| **600** | **700** | ______ | **1000** | **3200** |

**उत्तर – गणना** : बाज़ार पूर्ति = (फर्म अ + फर्म ब + फर्म स)। इसलिए, फर्म ब = बाज़ार पूर्ति - (फर्म अ + फर्म स)।

200 कीमत पर : 1400 - (250 + 450) = 700

300 कीमत पर : 2400 - (400 + 800) = 1200

400 कीमत पर : 2800 - (500 + 900) = 1400

500 कीमत पर : 3000 - (600 + 950) = 1450

600 कीमत पर : 3200 - (700 + 1000) = 1500

| शर्तों की कीमत (रु.) | पूर्ति की मात्रायें (फर्म अ) | पूर्ति की मात्रायें (फर्म ब) | पूर्ति की मात्रायें (फर्म स) | बाज़ार पूर्ति |
|---|---|---|---|---|
| 200 | 250 | **700** | 450 | 1400 |
| 300 | 400 | **1200** | 800 | 2400 |
| 400 | 500 | **1400** | 900 | 2800 |
| 500 | 600 | **1450** | 950 | 3000 |
| 600 | 700 | **1500** | 1000 | 3200 |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 54 - आर्थिक सम्बन्धों के पाँच उदाहरण दीजिए जो एक देश का अन्य देशों के साथ हो सकता है।**

**उत्तर -** एक देश के अन्य देशों के साथ निम्नलिखित प्रकार के आर्थिक संबंध हो सकते हैं:

1. **निर्यात :** घरेलू नागरिकों द्वारा विदेशी नागरिकों को वस्तुओं और सेवाओं की बिक्री की जाती है, जिससे देश को विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है और राष्ट्रीय आय बढ़ती है।
2. **आयात :** घरेलू नागरिक विदेशी देशों से आवश्यक वस्तुएँ और सेवाएँ खरीदते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक विकल्प और बेहतर गुणवत्ता मिलती है।
3. **उपहारों का आदान-प्रदान :** विदेशों में रहने वाले लोग एक-दूसरे को वस्तुएँ या धन उपहार के रूप में भेजते या प्राप्त करते हैं।
4. **धन प्रेषण :** विदेशों में कार्यरत लोग अपने परिवार या देश में पैसा भेजते हैं, जिससे घरेलू आय में वृद्धि होती है।
5. **पर्यटन और यात्रा :** पर्यटकों, व्यापारियों और सरकारी प्रतिनिधियों की यात्राओं से रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है।

**अथवा**

**(a) भारत के निर्यात की कोई 6 मुख्य मदें क्या हैं?**

**(b) भारत के आयात की कोई 4 मुख्य मदें क्या हैं?**


**उत्तर – (a) भारत के निर्यात की प्रमुख मदें हैं :**

1. **इंजीनियरिंग का सामान** – जैसे मशीनरी, वाहनों के पुर्जे और औद्योगिक उपकरण।
2. **हस्तशिल्प** – पारंपरिक कारीगरी, मूर्तियाँ, लकड़ी और धातु के सजावटी सामान।
3. **रसायन और संबद्ध उत्पाद** – जैसे फार्मास्यूटिकल, पेंट और प्लास्टिक उत्पाद।
4. **सिले-सिलाए वस्त्र** – तैयार कपड़े, सूती और ऊनी परिधान।
5. **सूती धागा** – कपास के कच्चे धागे और तैयार धागे।
6. **रत्न और आभूषण** – हीरे, मोती और सोने-चांदी के गहने; इसके अलावा लौह अयस्क, चमड़ा और मछली भी शामिल हो सकते हैं।

**(b) भारत के आयात की प्रमुख मदें हैं :**

1. **पेट्रोलियम और स्नेहक** – यह सबसे महत्वपूर्ण आयात है, ऊर्जा की जरूरतों के लिए।
2. **पूंजीगत वस्तुएं** – मशीनरी, औद्योगिक उपकरण और परिवहन साधन।
3. **उर्वरक** – कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए।
4. **अलौह धातुएं** – निकल, तांबा और अन्य धातु संसाधन उद्योगों के लिए।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/



# NIOS PYQ's SOLUTIONS

PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS



## OCTOBER-2025

Your Path to Success

# खंड - अ

**प्रश्न 1 - इनमें से कौन सी वस्तु की विशेषता नहीं है ?**

**(A) संग्रह योग्य**

**(B) हस्तांतरण योग्य**

**(C) दृश्य**

**(D) उत्पादन और उपभोग के बीच समय का अंतर नहीं**

**उत्तर -** (D) उत्पादन और उपभोग के बीच समय का अंतर नहीं

**प्रश्न 2 – पूँजी की साधन आय यह कहलाती है :**

**(A) लाभ** **(B) ब्याज**

**(C) कमीशन** **(D) दलाली**

**उत्तर -** (B) ब्याज

**प्रश्न 3 - यदि उपभोग ₹ 10,000 हो तथा बचत ₹2,000 हो, तो आय यह होगी :**

**(A) ₹10,000** **(B) ₹2,000**

**(C) ₹8,000** **(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर -** (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**प्रश्न 4 - निर्माण निम्नलिखित क्षेत्रों में होने वाली एक नियमित गतिविधि है :**

**(A) ग्रामीण** **(B) शहरी**

**(C) ग्रामीण तथा शहरी** **(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर -** (B) शहरी

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 5 – पर्यावरण मनुष्य को यह संसाधन प्रदान करता है :**

**(A) नवीकरणीय**

**(B) गैर-नवीकरणीय**

**(C) नवीकरणीय तथा गैर-नवीकरणीय**

**(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर -** (C) नवीकरणीय तथा गैर-नवीकरणीय

**प्रश्न 6 - एक साझेदारी उत्पादन इकाई में स्वामियों की अधिकतम संख्या यह होती है :**

**(A) 50**

**(B) 30**

**(C) 10**

**(D) 20**

**उत्तर -** (D) 20

**प्रश्न 7 - X, Y तथा Z ने क्रमशः 2 कि.ग्रा., 3 कि.ग्रा. तथा 5 कि.ग्रा. आम खरीदे। बाज़ार माँग यह होगी :**

**(A) 30 कि.ग्रा.**

**(B) 20 कि.ग्रा.**

**(C) 15 कि.ग्रा.**

**(D) 10 कि.ग्रा.**

**उत्तर -** (D) 10 कि.ग्रा.

**प्रश्न 8 - यूनाइटेड किंगडम की करेंसी यह कहलाती है :**

**(A) पाउण्ड**

**(B) डॉलर**

**(C) यूरो**

**(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) पाउण्ड

**प्रश्न 9 - भारतीय रिज़र्व बैंक का मुख्य कार्यालय यहाँ है :**

**(A) दिल्ली**

**(B) चेन्नई**

**(C) मुम्बई**

**(D) कोलकाता**

**उत्तर -** (C) मुम्बई

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 10 - आँकड़े ऐसा पद है :**

**(A) एकवचन** **(B) बहुवचन**

**(C) आसान** **(D) कठिन**

**उत्तर -** (B) बहुवचन

**प्रश्न 11 - प्रदूषण का कारण यह है :**

**(A) धूल** **(B) धुआँ**

**(C) शोर** **(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (D) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 12 - जिन वस्तुओं पर सारे समाज का साझा स्वामित्व होता है, ऐसी कहलाती हैं :**

**(A) सार्वजनिक वस्तुएँ** **(B) निजी वस्तुएँ**

**(C) आरक्षित वस्तुएँ** **(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (A) सार्वजनिक वस्तुएँ

**प्रश्न 13 - एक दुकानदार ने ₹ 60 प्रति कि.ग्रा. की दर से 10 कि.ग्रा. आम बेचे। उसका आगम यह होगा :**

**(A) ₹400** **(B) ₹500**

**(C) ₹600** **(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (C) ₹600

**प्रश्न 14 - श्रम की आखिरी इकाई द्वारा उत्पादन में योगदान क्या कहलाता है ?**

**(A) औसत उत्पाद** **(B) कुल उत्पाद**

**(C) मिश्रित उत्पाद** **(D) सीमान्त उत्पाद**

**उत्तर -** (D) सीमान्त उत्पाद

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 15 - वस्तुएँ X और Y पूरक वस्तुएँ हैं। जब X की कीमत बढ़ती है, Y की माँग**

**(A) बढ़ती है।**

**(B) गिरती है।**

**(C) स्थिर रहती है।**

**(D) उपरोक्त में से कोई भी**

**उत्तर -** (B) गिरती है।

**प्रश्न 16 - औद्योगिक विकास बैंक एक ऐसा बैंक है :**

**(A) व्यापारिक बैंक**

**(B) सहकारी बैंक**

**(C) विकास बैंक**

**(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर -** (C) विकास बैंक

**प्रश्न 17 - इनमें से कौन सा चर का उदाहरण है ?**

**(A) दूरी**

**(B) खूबसूरती**

**(C) योग्यता**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (A) दूरी

**प्रश्न 18 - आँकड़ों का एकवचन यह होता है :**

**(A) औसत**

**(B) अंक**

**(C) आँकड़ा**

**(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर -** (C) आँकड़ा

**प्रश्न 19 - स्वतन्त्रता प्राप्ति के समय राष्ट्रीय आय में औद्योगिक क्षेत्र का योगदान निम्नलिखित था :**

**((A) 28%**

**(B) 20%**

**(C) 10%**

**(D) 14%**

**उत्तर -** (D) 14%

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 20 - भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की सफलता के लिए लोगों को ऐसा होने की आवश्यकता है :**

**(A) शिक्षित** **(B) जागरूक**

**(C) ईमानदार** **(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर** - (A) शिक्षित

**प्रश्न 21 - रिक्त स्थान भरिये :**

**सेवाओं का ________ और ________ साथ-साथ चलता है।**

**उत्तर –** उत्पादन, उपभोग

**प्रश्न 22 – रिक्त स्थान भरिए :**

**__________ उपभोग पर रोक लगाकर पूँजी निर्माण ________ जाता है।**

**उत्तर –** वर्तमान, किया

**प्रश्न 23 - रिक्त स्थान भरिये :**

**येन ________ की करेंसी है जबकि युवान ________ की करेंसी है।**

**उत्तर –** जापान, चीन

**प्रश्न 24 - रिक्त स्थान भरिए :**

**व्यापार के द्वारा लोग विभिन्न प्रकार की ________ तथा ________ प्राप्त करते हैं।**

**उत्तर –** वस्तुओं, सेवाओं

**प्रश्न 25 – बताइए कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं या असत्य :**

**(a) धारणीय विकास एक दीर्घकालिक अवधारणा है।**

**(b) हमारा उपभोग हमारी मूल आवश्यकताओं की पूर्ति करने तक सीमित नहीं होना चाहिए ।**

**उत्तर –** (a) सत्य

(b) असत्य

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 26 – बताइए कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं या असत्य :**

**(a) माँग और इच्छा दो भिन्न शब्द हैं।**

**(b) किसी वस्तु की माँग उसके क्रेता की आय पर निर्भर नहीं करती है।**

**उत्तर –** (a) सत्य

(b) असत्य

**प्रश्न 27 – बताइए कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं या असत्य :**

**(a) केन्द्रीय प्रवृत्ति के विभिन्न माप नहीं हैं।**

**(b) समान्तर माध्य केन्द्रीय प्रवृत्ति का एक मापक है।**

**उत्तर –** (a) असत्य

(b) सत्य

**प्रश्न 28 - रिक्त स्थान भरिये :**

**शिक्षित _________ आँकड़ों का उदाहरण है, जबकि आय _________ आँकड़ों का उदाहरण है।**

**उत्तर –** गुणात्मक, मात्रात्मक

**प्रश्न 29 - एक शब्द में उत्तर दीजिए :**

**(a) सांख्यिकी की प्रकृति कैसी है ?**

**(b) सांख्यिकी के लिए दूसरा शब्द क्या है ?**

**उत्तर –** (a) मात्रात्मक

(b) आँकड़े

**प्रश्न 30 - एक शब्द में उत्तर दीजिए :**

**(a) कृषि को हमारी अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्रक में शामिल किया गया है ?**

**(b) कस्बों तथा शहरों को किस क्षेत्र में गिना जाता है ?**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर –** (a) प्राथमिक क्षेत्रक

(b) शहरी क्षेत्र

**प्रश्न 31 - रिक्त स्थान भरिये :**

**वस्तुओं और सेवाओं का _________ और _________ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कहलाता है।**

**उत्तर –** आयात, निर्यात

**प्रश्न 32 - रिक्त स्थान भरिए :**

**फ़र्म द्वारा किराया भुगतान _________ लागत है, जबकि मजदूरी का भुगतान _________ लागत है।**

**उत्तर -** स्थिर, परिवर्ती

**प्रश्न 33 - एक शब्द में उत्तर दीजिए :**

**(a) कार और पेट्रोल में क्या संबंध है ?**

**(b) आपूर्ति की परिभाषा में कीमत, समय अवधि तथा _________ को सम्मिलित किया जाता है।**

**उत्तर -** (a) पूरक

(b) मात्रा

**प्रश्न 34 - रिक्त स्थान भरिये :**

**औसत का सबसे सरल गणितीय नाप _________ को _________ से भाग करने पर प्राप्त होता है।**

**उत्तर –** मदों के योग, मदों की संख्या

**प्रश्न 35 - रिक्त स्थान भरिए :**

**मौलिक रूप में एकत्रित आँकड़े _________ आँकड़े जबकि पहले से किसी और के द्वारा एकत्रित आँकड़ों का उपयोग _________ आँकड़े कहलाते हैं ।**

**उत्तर –** प्राथमिक, द्वितीयक

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# खंड - ब

**प्रश्न 36 - भूमि में क्या शामिल है ?**

**उत्तर –** भूमि प्रकृति का एक मुफ्त उपहार है। इसमें कृषि और औद्योगिक गतिविधियों के लिए समतल मैदान शामिल हैं। इसमें नदियां और पर्यटन देने वाले पहाड़, तथा खनिज, ईंधन और घने जंगलों से भरे पठार भी शामिल हैं।

**अथवा**

**श्रम से क्या अभिप्राय है ?**

**उत्तर –** श्रम का तात्पर्य वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले शारीरिक या मानसिक मानवीय प्रयास से है। इसमें किसानों जैसे शारीरिक कार्य और शिक्षकों जैसे मानसिक कार्य शामिल हैं। कुशल और अकुशल दोनों श्रमिक श्रम प्रदान करते हैं।

**प्रश्न 37 - उत्पादन की प्रौद्योगिकी में सुधार फ़र्म को वस्तु की अधिक आपूर्ति करने के लिए प्रेरित करता है। समझाइए ।**

**उत्तर –** प्रौद्योगिकी में सुधार से किसी वस्तु के उत्पादन की प्रति इकाई लागत कम हो जाती है। लागत कम होने से फर्म का लाभ बढ़ जाता है। इस बढ़े हुए लाभ के कारण फर्म खुशी-खुशी बाजार में अधिक वस्तुओं की आपूर्ति करने के लिए प्रेरित होती है।

**अथवा**

**उत्पादन लागत का क्या अर्थ है ?**

**उत्तर –** उत्पादन लागत से अभिप्राय उस कुल धन से है जो एक उत्पादक वस्तुओं और सेवाओं को बनाने में खर्च करता है। इसमें उत्पादन के साधनों (जैसे भूमि, श्रम) को किराए पर लेने और कच्चे माल को खरीदने पर किया गया मौद्रिक व्यय शामिल होता है।

**प्रश्न 38 - विकास बैंकों के ऋण प्रावधानों को समझाइए ।**

**उत्तर –** विकास बैंक निजी कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों को बहुत लंबी अवधि के लिए ऋण प्रदान करते हैं। यह धन देश के आर्थिक विकास के लिए नए उद्योग स्थापित करने और आवश्यक आधारिक संरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) बनाने में मदद करता है।

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**ऋणदाता तथा ऋणी में भेद कीजिए ।**

**उत्तर –**

| विशेषता | ऋणदाता | ऋणी |
|---|---|---|
| अर्थ | वह व्यक्ति या बैंक जो किसी को धन या ऋण देता है। | वह व्यक्ति जो अपनी वर्तमान आवश्यकताओं के लिए ऋण लेता है। |
| कार्य | भविष्य में अपना धन वापस मांगता है। | भविष्य में ऋणदाता को धन लौटाने का वादा करता है। |

**प्रश्न 39 - द्वितीयक आँकड़े क्या होते हैं**

**उत्तर –** द्वितीयक आँकड़े वे आँकड़े हैं जो पहले ही किसी अन्य व्यक्ति या संस्था द्वारा एकत्रित किए जा चुके हैं। नए उपयोगकर्ता इन्हें स्वयं एकत्रित नहीं करते बल्कि प्रकाशित रिपोर्टों, समाचार पत्रों या पुराने रिकॉर्ड्स से प्राप्त करते हैं।

**अथवा**

**निम्नलिखित आँकड़ों को बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित कीजिए :**

**25, 100, 15, 45, 90, 20, 35, 65, 81, 72**

**उत्तर –** आँकड़ों को बढ़ते हुए क्रम (आरोही क्रम) में व्यवस्थित करने का अर्थ है उन्हें सबसे छोटी संख्या से सबसे बड़ी संख्या की ओर क्रमबद्ध करना।

सही क्रम है: **15, 20, 25, 35, 45, 65, 72, 81, 90, 100.**

**प्रश्न 40 - राष्ट्रीय आय में प्राथमिक क्षेत्रक के अंश को समझाइए ।**

**उत्तर -** राष्ट्रीय आय में प्राथमिक क्षेत्रक (मुख्यतः कृषि) का बहुत बड़ा योगदान रहा है। स्वतंत्रता के समय, इसने राष्ट्रीय आय में 50 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया था। हालांकि, समय के साथ यह कम हुआ और 2009-10 में यह लगभग 15 प्रतिशत रह गया।

**अथवा**

**गैर-कृषि गतिविधियाँ क्या हैं ?**

**उत्तर –** गैर-कृषि गतिविधियाँ वे कार्य हैं जो खेती से जुड़े नहीं हैं और मुख्य रूप से शहरों या कस्बों में पाए जाते हैं। इन्हें द्वितीयक क्षेत्रक (जैसे विनिर्माण और निर्माण) और तृतीयक क्षेत्रक (जैसे परिवहन, बैंकिंग और व्यापार जैसी सेवाएं) में बांटा जाता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 41 - आयात तथा निर्यात में भेद कीजिए ।**

**उत्तर –**

| विशेषता | आयात | निर्यात |
|---|---|---|
| अर्थ | विदेशी नागरिकों या देशों से वस्तुएं और सेवाएं खरीदना। | घरेलू नागरिकों द्वारा विदेशी नागरिकों को वस्तुएं और सेवाएं बेचना। |
| मुद्रा का प्रवाह | हमारे देश से पैसा बाहर जाता है। | हमारे देश में पैसा आता है। |

**प्रश्न 42 - उपभोक्ताओं का सुने जाने का अधिकार उन्हें शक्ति प्रदान करता है। समझाइए ।**

**उत्तर –** 'सुने जाने के अधिकार' का अर्थ है कि उपभोक्ता न्यायालयों में खरीदारों के हितों को उचित रूप से सुना जाएगा। यह नागरिकों को दोषपूर्ण उत्पादों या बेईमान विक्रेताओं के खिलाफ निडर होकर अपनी आवाज उठाने और न्याय मांगने की शक्ति प्रदान करता है।

**प्रश्न 43 - एक दुकानदार ने 40 कि.ग्रा. चावल ₹30 प्रति कि.ग्रा. तथा 30 कि.ग्रा. गेहूँ ₹ 20 प्रति कि.ग्रा. की दर से बेचा । उसका कुल आगम ज्ञात कीजिए ।**

**उत्तर -** सूत्र: कुल आगम = कीमत × मात्रा

चावल से आगम = ₹ 30 × 40 कि.ग्रा. = ₹ 1200

गेहूँ से आगम = ₹ 20 × 30 कि.ग्रा. = ₹ 600

**कुल आगम = ₹ 1200 + ₹ 600 = ₹ 1800.**

**प्रश्न 44 - क्रेता की रुचि वस्तु की माँग को प्रभावित करती है । समझाइए ।**

**उत्तर –** क्रेता की रुचि, प्राथमिकताएं और फैशन किसी वस्तु की मांग को गहराई से प्रभावित करते हैं। यदि कोई खरीदार किसी उत्पाद को बहुत पसंद करता है या वह फैशन में है, तो उसकी मांग बढ़ जाएगी। विपरीत, जो वस्तुएं फैशन से बाहर हो जाती हैं, उनकी मांग तेजी से घट जाती है।

**प्रश्न 45 - फ़र्म A, B तथा C ने ₹ 100 प्रति कि.ग्रा. कीमत पर क्रमशः 10 कि.ग्रा., 15 कि.ग्रा. तथा 20 कि.ग्रा. दाल की आपूर्ति की। बाज़ार आपूर्ति ज्ञात कीजिए ।**

**उत्तर –** बाज़ार आपूर्ति सभी व्यक्तिगत फर्मों द्वारा की गई आपूर्ति का कुल योग होती है।

फ़र्म A की आपूर्ति = 10 कि.ग्रा.

फ़र्म B की आपूर्ति = 15 कि.ग्रा.

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

फ़र्म C की आपूर्ति = 20 कि.ग्रा.

**कुल बाज़ार आपूर्ति = 10 + 15 + 20 = 45 कि.ग्रा.**

**प्रश्न 46 - बैंक लोगों की महँगी वस्तुएँ सुरक्षित अभिरक्षा में कैसे रखता है ?**

**उत्तर –** बैंक लोगों को उनकी महत्वपूर्ण और महंगी वस्तुओं, जैसे कीमती आभूषण और संपत्ति के ज़रूरी दस्तावेजों को अत्यधिक सुरक्षित रखने में मदद करता है। बैंक जनता को यह सुरक्षित अभिरक्षा 'लॉकर सुविधा' के माध्यम से प्रदान करता है।

**प्रश्न 47 - स्थिर पूँजी तथा कार्यशील पूँजी में भेद कीजिए ।**

**उत्तर –** स्थिर पूँजी से तात्पर्य उन वस्तुओं से है जिनका उपयोग उत्पादन प्रक्रिया में कई वर्षों तक किया जा सकता है। इसके उदाहरणों में भारी मशीनें, कारखाने की इमारतें, ट्रैक्टर और औजार (उपकरण) शामिल हैं। उत्पादन के दौरान ये नष्ट नहीं होते हैं।

दूसरी ओर, कार्यशील पूँजी में वह कच्चा माल शामिल होता है जो उत्पादन प्रक्रिया के दौरान पूरी तरह से उपयोग (या समाप्त) हो जाता है। इसके उदाहरणों में बीज, मिट्टी, उर्वरक (खाद) और सूत शामिल हैं। उत्पादन के लिए दोनों की ही आवश्यकता होती है, लेकिन कार्यशील पूँजी को निरंतर बदलने (पुनर्स्थापित करने) की आवश्यकता होती है।

**अथवा**

**उत्पादन गतिविधियों में मानव संसाधन का महत्त्व समझाइए ।**

**उत्तर –** मानव संसाधन का तात्पर्य उन लोगों से है जो उत्पादन के लिए अपना शारीरिक और मानसिक श्रम प्रदान करते हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि प्राकृतिक संसाधन और मशीनें अपने आप काम नहीं कर सकतीं। कुशल श्रमिक (जैसे इंजीनियर) और अकुशल श्रमिक (जैसे भार उठाने वाले) दोनों ही कच्चे माल को उपयोगी तैयार उत्पादों में बदलने के लिए अपनी अद्वितीय क्षमताओं का उपयोग करते हैं, जिससे उत्पादन संभव होता है।

**प्रश्न 48 - प्राथमिक क्षेत्रक का महत्त्व समझाइए ।**

**उत्तर –** प्राथमिक क्षेत्रक, विशेष रूप से कृषि, भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यह अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह लाखों नागरिकों को भोजन प्रदान करता है। यह विभिन्न विनिर्माण उद्योगों को कपास और गन्ने जैसे बुनियादी कच्चे माल भी प्रदान करता है। इसके अलावा, यह देश की आबादी के सबसे बड़े हिस्से (लगभग 50%) को रोजगार देता है, जो इसे राष्ट्रीय अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण बनाता है।

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**वैश्वीकरण का क्या अर्थ है ?**

**उत्तर –** वैश्वीकरण वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से दुनिया के विभिन्न देश एक-दूसरे के करीब आ रहे हैं। तेज़ परिवहन और इंटरनेट जैसे आधुनिक संचार के कारण, दुनिया अब एक छोटे से वैश्विक गाँव की तरह लगती है। लोग अब आसानी से रोजगार के लिए विदेश यात्रा कर सकते हैं, नए विचार साझा कर सकते हैं, और बिना किसी बाधा के घरेलू और विदेशी दोनों तरह की वस्तुओं को खरीद और बेच सकते हैं।

**प्रश्न 49 - वायु प्रदूषण किसे कहते हैं ?**

**उत्तर –** वायु प्रदूषण का अर्थ है स्वच्छ वातावरण में हानिकारक रसायनों, जहरीले धुएं और धूल के कणों का मिल जाना। यह दूषित हवा मनुष्यों, जानवरों और प्राकृतिक पर्यावरण को भारी नुकसान पहुँचाती है। सामान्य प्रदूषकों में वाहनों और कारखानों की चिमनियों से निकलने वाली जहरीली गैसें (जैसे कार्बन मोनोऑक्साइड) शामिल हैं। इस प्रदूषित हवा में सांस लेने से लोगों में खांसी, सांस लेने में तकलीफ और हृदय रोग जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं।

**अथवा**

**भ्रामक विज्ञापनों के सबसे बुरे शिकार बच्चे होते हैं। समझाइए ।**

**उत्तर –** कंपनियां अक्सर अपने उत्पादों को बेचने के लिए बहुत ही आकर्षक वीडियो विज्ञापन बनाती हैं, लेकिन उत्पाद के बुरे प्रभावों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छिपा लेती हैं। बच्चे इन रंगीन और भ्रामक विज्ञापनों पर आसानी से विश्वास कर लेते हैं क्योंकि वे युवा और मासूम होते हैं। वे अक्सर अपने माता-पिता को अस्वस्थ उत्पाद खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। इसलिए, बच्चे इसके सबसे बुरे शिकार होते हैं और वयस्कों द्वारा उनका सही मार्गदर्शन किया जाना चाहिए।

**प्रश्न 50 - उपभोक्ता वस्तुओं तथा उत्पादक वस्तुओं में भेद कीजिए ।**

**उत्तर –**

| आधार | उपभोक्ता वस्तुएँ | उत्पादक वस्तुएँ |
|---|---|---|
| अर्थ | जो वस्तुएं प्रत्यक्ष रूप से मानवीय आवश्यकताओं की संतुष्टि करती हैं। | जो वस्तुएं अन्य वस्तुओं के उत्पादन में सहायता कर अप्रत्यक्ष रूप से आवश्यकता पूरी करती हैं। |
| उपयोग | अंतिम और प्रत्यक्ष उपभोग के लिए उपयोग की जाती हैं। | आगे के विनिर्माण या उत्पादन के लिए उपयोग की जाती हैं। |
| उदाहरण | डबल रोटी, फल, दूध, कपड़े आदि। | मशीनें, औजार, कच्चा माल आदि। |

दोनों अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक हैं; उपभोक्ता वस्तुएं दैनिक मानवीय जरूरतों को पूरा करती हैं, जबकि उत्पादक वस्तुएं राष्ट्र की उत्पादन क्षमता का निर्माण करती हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 51 - उत्पादन प्रक्रिया में क्या शामिल होता है ?**

**उत्तर -** उत्पादन प्रक्रिया में एक उद्यमी द्वारा व्यवस्थित चरणों की एक व्यवस्थित श्रृंखला शामिल होती है। इसमें सबसे पहले उत्पादन के साधनों (जैसे भूमि, श्रम, पूंजी) को प्राप्त करना और उन्हें सही अनुपात में मिलाना शामिल है। इसमें कच्चे माल को खरीदना और उसका भंडारण करना भी शामिल है। फिर इन आगतों को अंतिम उत्पादों (निर्गत) में परिवर्तित किया जाता है, जिन्हें सुरक्षित रूप से संग्रहीत किया जाता है और अंत में ग्राहकों को बाजार में बेचा जाता है।

**प्रश्न 52 - किसी वस्तु की माँग को मौसम किस प्रकार प्रभावित करता है ?**

**उत्तर -** मौसम और जलवायु की स्थिति कई उत्पादों की बाजार मांग को भारी रूप से प्रभावित करती है। लोग मौसम के अनुसार सामान खरीदते हैं। उदाहरण के लिए, गर्म गर्मी के मौसम में बर्फ और ठंडे पेय पदार्थों की मांग बहुत तेजी से बढ़ जाती है। इसी तरह, बरसात के मौसम में छातों और बरसातियों की मांग बढ़ जाती है, और कड़ाके की सर्दियों में ऊनी कपड़ों की मांग काफी बढ़ जाती है।

**प्रश्न 53 - जैसे-जैसे लोग अधिक शिक्षित होते जाते हैं, वे रोज़गार के लिए सेवा क्षेत्रक की ओर बढ़ते हैं। समझाइए।**

**उत्तर –** आजकल भारत में शिक्षित युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। छात्र विज्ञान, कला, वाणिज्य, इंजीनियरिंग और चिकित्सा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में स्नातक हो रहे हैं। सेवा क्षेत्रक को बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा, आईटी और शिक्षण में नौकरियों के लिए इन शिक्षित और कुशल पेशेवरों की अत्यधिक आवश्यकता होती है।

पारंपरिक कृषि की तुलना में, सेवा क्षेत्रक विभिन्न प्रकार की आधुनिक नौकरियों की पेशकश करता है। इसके अतिरिक्त, कृषि अक्सर एक मौसमी गतिविधि होती है, जबकि सेवाएं पूरे साल स्थिर रोजगार प्रदान करती हैं। इसके अलावा, सेवा क्षेत्रक आम तौर पर बहुत अधिक वेतन और मजदूरी का भुगतान करता है। इन सभी कारणों से, शिक्षित लोग बढ़ते सेवा क्षेत्रक में सुरक्षित और अच्छा वेतन देने वाले करियर को चुनना पसंद करते हैं।

**अथवा**

**अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के क्या लाभ हैं ?**

**उत्तर –** अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के कई महत्वपूर्ण लाभ हैं जो दुनिया भर में खरीदारों और विक्रेताओं दोनों की मदद करते हैं:

1. **विविधता की उपलब्धता :** यह लोगों को बड़ी मात्रा में ऐसी विदेशी वस्तुएं और सेवाएं प्रदान करता है जो शायद स्थानीय स्तर पर उपलब्ध न हों।
2. **नवाचार को प्रोत्साहन :** व्यापार कंपनियों को लगातार नई वस्तुओं का आविष्कार करने और उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित करता है।
3. **सांस्कृतिक आदान-प्रदान :** यह एक सांस्कृतिक पुल के रूप में कार्य करता है; जब विभिन्न देशों के नागरिक व्यापार करते हैं, तो वे एक-दूसरे की समृद्ध संस्कृति के बारे में भी सीखते हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

4. **विशिष्टीकरण को बढ़ावा :** अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से देश उन वस्तुओं के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित कर पाते हैं जिन्हें वे आसानी से और कुशलता से बना सकते हैं।
5. **लागत में कमी :** इस कार्यकुशलता से उत्पादन लागत कम होती है, जिससे ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली वस्तुएं सस्ते में खरीदने का मौका मिलता है।

**प्रश्न 54 - हम किन विधियों से धारणीय विकास में योगदान दे सकते हैं ?**

**उत्तर -** हम अपने दैनिक जीवन में कुछ सरल आदतों को अपनाकर आसानी से धारणीय विकास में योगदान दे सकते हैं:

1. **नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग :** हमें गैर-नवीकरणीय ईंधनों के अच्छे विकल्प खोजकर संसाधनों को बचाने पर ध्यान देना चाहिए, जैसे कोयला जलाने के बजाय सौर पैनलों का उपयोग करना।
2. **कचरे का पुनर्चक्रण :** हमें सक्रिय रूप से अपने कचरे को रीसायकल करना चाहिए। उदाहरण के लिए, उपयोग किए गए कागज को रीसायकल करके हम पेड़ों को बचा सकते हैं।
3. **जल संरक्षण :** हम वर्षा जल संचयन को अपनाकर दुर्लभ पानी को बचा सकते हैं।
4. **ऊर्जा की खपत कम करना :** भविष्य की पीढ़ियों के लिए ऊर्जा बचाने के लिए हमें अतिरिक्त लाइटें और पंखे बंद करके अपनी कुल खपत को कम करना चाहिए।
5. **ईंधन बचाना :** ईंधन बचाने और प्रदूषण कम करने के लिए हमें कार चलाने के बजाय छोटी दूरी तक पैदल चलना चाहिए।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence – Your Path to Success